

पढ़िए और समझिए–

'पेड़ बैठी हैं चिड़ियाँ पाँच पर।'

यह भी शब्दों का एक समूह है। यहाँ पर शब्द सही है, लेकिन शब्दों की जगह (क्रम) सही नहीं है। इसलिए यह वाक्य नहीं है।

अब इन शब्दों को सही जगह पर रखेंगे–

'पाँच चिड़ियाँ पेड़ पर बैठी हैं।'

यह ऊपर प्रयोग किए गए शब्दों का दूसरा समूह है, लेकिन इससे अर्थ स्पष्ट हो रहा है। ऐसा ही सार्थक (अर्थ वाला) शब्द-सूमह **वाक्य** कहलाता है। अतः हम कह सकते हैं–

**शब्दों के सही मेल से वाक्य बनता है।**

**हम ऐसे ही सार्थक (अर्थ वाले) वाक्यों का प्रयोग आपस की बातचीत में करते हैं और इन्हीं वाक्यों से भाषा बनती है।**

## हमने सीखा

- वर्णों के सही मेल से **शब्द** बनते हैं।
- शब्दों के सही मेल से **वाक्य** बनते हैं।
- शब्द और वाक्य का कोई न कोई अर्थ होता है।



## आओ अभ्यास करें

**1. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाइए–**

क. वर्णों का सही मेल कहलाता है–

स्वर ☐ शब्द ☑ वाक्य ☐

ख. शब्दों को सही मेल कहलाता है–

व्यंजन ☐ शब्द ☐ वाक्य ☑




नीचे दिए गए वर्णों के सही मेल पर सही ( ✓ ) का निशान लगाइए–

| | | | |
|---|---|---|---|
| लाताब | ☐ | तालाब | ✓ |
| चीनी | ✓ | नीची | ☐ |
| ड़बर | ☐ | रबड़ | ✓ |
| किताब | ✓ | ताकिब | ☐ |

वर्णों को सही क्रम में लिखकर शब्द बनाइए–

रघ  घ र

मशलग  श ल ग म

ड़सक  स ड़ क

लमक  क ल म

शब्दों को उचित क्रम में लिखकर वाक्य बनाइए–

क. घोड़ा है दौड़ता तेज़। घोड़ा तेज़ दौड़ता है।

ख. मेरे एक घर में है तोता। मेरे घर में एक तोता है।

ग. मेरे है नाम मित्र सौरभ का। मेरे मित्र का नाम सौरभ है।

चित्र देखकर वाक्य बनाइए–

क.  मीना गाड़ी चला रही है।

ख.  लड़कियाँ झूला झूल रही है।

ग.  विवेक ढोलक बजा रहा है।

# खेल-खेल में

1. वर्णों को जोड़कर शब्द बनाइए-

| | | | |
|---|---|---|---|
| ति | ग | म | रु |
| छ | प | त | ला |
| या | ली | के | त्र |
| गु | ची | ब | ख |

| | |
|---|---|
| तितली | गमला |
| लीची | छत |
| गुलाब | पतली |
| गुरु | केला |
| मछली | बतख |

2. वाक्यों के शब्दों को लेकर चिड़िया उड़ रही है। उन शब्दों को उचित क्रम में लिखकर वाक्य बनाइए। आप एक शब्द का एक से अधिक बार प्रयोग कर सकते हैं। सबसे पहले जो वाक्य बनाएगा, वह विजेता होगा।

नाच, दूसरी, खेल, जंगल, रही, का, राजा, में, मेरा, रहा, कक्षा, है, दोस्त, पढ़ती, पढ़ता, हूँ

क. भालू नाच रहा है।

ख. तनु खेल रही है।

ग. अमन मेरा दोस्त है।

घ. मैं दूसरी कक्षा में पढ़ती हूँ।

ङ. शेर जंगल का राजा है।